भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3778**
उत्तर देने की तारीख: 18.12.2024

**अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जनजातियों को योजनाओं के लाभ**

**3778. डॉ. मन्ना लाल रावत:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में अल्पसंख्यकों की धर्म और राज्य-वार संख्या कितनी-कितनी है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय की योजनाओं का लाभ अनुसूचित जनजाति के लोग धर्मांतरण के बाद उठा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस मामले की जांच कर अवैध रूप से दोहरा लाभ उठाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>**उत्तर**</u>

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) भारत के महापंजीयक कार्यालय (आरजीआई) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जनगणना में "अल्पसंख्यक" शब्द का प्रयोग नहीं किया जाता है। हालाँकि, भारत के लोगों द्वारा बताए गए सभी धर्मों के आंकड़ों को प्रत्येक जनगणना में एकत्र, सारणीबद्ध और प्रकाशित किया जाता है। पिछली जनगणना 2011 में की गई थी और धर्म के आधार पर राज्यवार जनसंख्या अनुबंध पर है।

(ख) से (घ) अल्पसंख्यकों के लिए सभी 3 छात्रवृत्ति योजनाएं राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) के माध्यम से कार्यान्वित की जाती हैं, जिसमें एनएसपी पर ऑनबोर्ड की गई समग्र योजनाओं के अंतर्गत आवेदक के डी-डुप्लीकेशन का प्रावधान है। इसके अलावा, 2024-25 से वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) का प्रावधान भी शुरू किया गया है, जो विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बीच डुप्लिकेट लाभार्थियों की संभावनाओं को और कम करेगा।

******

दिनांक 18.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3778 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

| 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य और धर्मवार अल्पसंख्यक जनसंख्या | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | मुस्लिम | ईसाई | सिख | बौद्ध | जैन |
| 1 | जम्मू और कश्मीर | 8567485 | 35631 | 234848 | 112584 | 2490 |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | 149881 | 12646 | 79896 | 78659 | 1805 |
| 3 | पंजाब | 535489 | 348230 | 16004754 | 33237 | 45040 |
| 4 | चंडीगढ़ | 51447 | 8720 | 138329 | 1160 | 1960 |
| 5 | उत्तराखंड | 1406825 | 37781 | 236340 | 14926 | 9183 |
| 6 | हरियाणा | 1781342 | 50353 | 1243752 | 7514 | 52613 |
| 7 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 2158684 | 146093 | 570581 | 18449 | 166231 |
| 8 | राजस्थान | 6215377 | 96430 | 872930 | 12185 | 622023 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 38483967 | 356448 | 643500 | 206285 | 213267 |
| 10 | बिहार | 17557809 | 129247 | 23779 | 25453 | 18914 |
| 11 | सिक्किम | 9867 | 60522 | 1868 | 167216 | 314 |
| 12 | अरुणाचल प्रदेश | 27045 | 418732 | 3287 | 162815 | 771 |
| 13 | नागालैंड | 48963 | 1739651 | 1890 | 6759 | 2655 |
| 14 | मणिपुर | 239836 | 1179043 | 1527 | 7084 | 1692 |
| 15 | मिजोरम | 14832 | 956331 | 286 | 93411 | 376 |
| 16 | त्रिपुरा | 316042 | 159882 | 1070 | 125385 | 860 |
| 17 | मेघालय | 130399 | 2213027 | 3045 | 9864 | 627 |
| 18 | असम | 10679345 | 1165867 | 20672 | 54993 | 25949 |
| 19 | पश्चिम बंगाल | 24654825 | 658618 | 63523 | 282898 | 60141 |
| 20 | झारखंड | 4793994 | 1418608 | 71422 | 8956 | 14974 |
| 21 | ओडिशा | 911670 | 1161708 | 21991 | 13852 | 9420 |
| 22 | छत्तीसगढ़ | 514998 | 490542 | 70036 | 70467 | 61510 |
| 23 | मध्य प्रदेश | 4774695 | 213282 | 151412 | 216052 | 567028 |
| 24 | गुजरात | 5846761 | 316178 | 58246 | 30483 | 579654 |
| 25 | दमन और दीव | 19277 | 2820 | 172 | 217 | 287 |
| 26 | दादरा एवं नगर हवेली | 12922 | 5113 | 217 | 634 | 1186 |
| 27 | महाराष्ट्र | 12971152 | 1080073 | 223247 | 6531200 | 1400349 |
| 28 | आंध्र प्रदेश | 8082412 | 1129784 | 40244 | 36692 | 53849 |
| 29 | कर्नाटक | 7893065 | 1142647 | 28773 | 95710 | 440280 |
| 30 | गोवा | 121564 | 366130 | 1473 | 1095 | 1109 |
| 31 | लक्षद्वीप | 62268 | 317 | 8 | 10 | 11 |
| 32 | केरल | 8873472 | 6141269 | 3814 | 4752 | 4489 |
| 33 | तमिलनाडु | 4229479 | 4418331 | 14601 | 11186 | 89265 |
| 34 | पुदुचेरी | 75556 | 78550 | 297 | 451 | 1400 |
| 35 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 32413 | 80984 | 1286 | 338 | 31 |
| 36 | तेलंगाना** | | | | | |

** जनगणना 2011 के बाद गठित राज्य

नोट: पारसी जनसंख्या के राज्यवार आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

******